Ans. (b) : दयाराम साहनी, नीलरत्न बनर्जी एवं कैलाश नाथ दीक्षित ने बैराठ सभ्यता के उत्खनन में मुख्य भूमिका निभाई। यह सभ्यता जयपुर में अवस्थित है।

77. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए–
(i) विराटनगर जिसे पहले बैराठ के नाम से जाना जाता था, जोधपुर का एक शहर है।
(ii) बैराठ,मौर्य साम्राज्य का हिस्सा था।
सही कूट चुनिए–
(a) केवल (i) सही है
(b) केवल (ii) सही है
(c) न तो (i) ना ही (ii) सही है
(d) दोनों कथन सही हैं

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (b) : बैराठ सभ्यता जयपुर जिले में शाहपुरा उपखण्ड में बाणगंगा नदी के किनारे स्थित लौहयुगीन सभ्यता स्थल है। बैराठ का प्राचीन नाम 'विराटनगर' था। महाजनपद काल में यह मत्स्य जनपद की राजधानी था। वर्ष 1837 में कैप्टन बर्ट ने यहाँ से मौर्य सम्राट अशोक के भाब्रू शिलालेख की खोज की थी। यहाँ से बौद्ध स्तुप, बौद्ध मंदिर और अशोक स्तम्भ के प्रमाण मिले हैं। ये सभी अवशेष मौर्ययुगीन है।

78. किस पुरा- स्थल पर चित्रित शैलाश्रय प्राप्त हुए हैं?
(a) बैराठ (b) कालीबंगा
(c) अहाड़ (d) बणावली

सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (a) : बैराठ (विराट नगर) पुरास्थल से चित्रित शैलाश्रय प्राप्त हुआ है। यह मत्स्य प्रदेश की राजधानी थी। यहाँ से खण्डहरनुमा भवन (प्राचीन बौद्ध मठ का अवशेष) प्राप्त हुए है। अशोक के भाब्रू शिलालेख यहीं पर स्थित है।

79. बैराठ प्राचीन काल में राजधानी थी।
(a) मत्स्य (b) यौधेय
(c) चेदि (d) आर्जुनायन

Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (a) : बैराठ जयपुर में स्थित है। यह प्राचीन मत्स्य महाजनपद की राजधानी थी। ग्रंथों में इसका नाम विराटपुर मिलता है। यहाँ से इण्डोग्रीक के 28 सिक्के प्राप्त हुए है।

80. निम्नलिखित में से किस स्थल से इंडो-ग्रीक शासकों के अट्ठाईस सिक्के प्राप्त हुए है?
(a) नगरी (b) बैराठ
(c) नगर (d) रैढ़

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (सीरम)-2019

Ans. (b) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

81. निम्नलिखित में से कौन सा (प्राचीन स्थल-उत्खननकर्ता) सुमेलित नहीं है?
(a) बैराठ-दयाराम साहनी
(b) आहड़-एस.पी. जैन
(c) कालीबंगा-ए.घोष
(d) बागोर-वी.एन. मिश्रा

कनिष्ठ अभियंता (सिविल) (डिग्रीधारक)-18.05.2022

Ans. (b) :

बैराठ	-	दयाराम साहनी
आहड़	-	ए.के.व्यास, एच.डी. संकालिया
कालीबंगा	-	ए.घोष
बागौर	-	वी.एन. मिश्रा

82. 'ब्रोचगुर्जर' नामक एक ताम्रपत्र के आधार पर राजपूतों को यू-ची जाति का वंशज मानते हुए इनका सम्बन्ध कुषाण जाति से किसने जोड़ा है-
(a) जार्ज थॉमस (b) डॉ. भण्डारकर
(c) कनिंघम (d) डॉ. कानूनगो

ईझैरें 13.02.2016

Ans. (c) – कनिंघम ने 'ब्रोचगुर्जर' नामक एक ताम्रपत्र के आधार पर राजपूतों को यू-ची जाति का वंशज मानते हुए इनका संबंध कुषाण जाति से जोड़ा है। ब्रोच गुर्जर ताम्रपत्र में गुर्जर कबीला का सप्तसैंधव भारत से लेकर गंगा कावेरी तक के अभियानों का वर्णन है।

83. रंगमहल (1952 ई.) में किस पुरातत्वविद् के निर्देशन में उत्खनन कार्य किया गया-
(a) के.एन.पुरी (b) आर.सी.अग्रवाल
(c) हन्नारिड (d) वी.एन. मिश्र

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (c) – रंगमहल सभ्यता हनुमानगढ़ जिले में सरस्वती (वर्तमान घग्घर) नदी के पास स्थित है। यहाँ उत्खन्न कार्य पुरातत्वविद् डॉ. हन्नारिड के निर्देशन में वर्ष 1952-54 ई. में कराया गया। यहाँ से लाल रंग के पात्रों पर काले रंग की डिजाइन की गयी है, जिसके कारण इसे रंगमहल कहा गया है। यहाँ कुषाण कालीन ताम्र मुद्राएं प्राप्त हुई है।

84. निम्नलिखित में से कौन सा स्थल राजस्थान में ताम्र युगीन संस्कृति का केन्द्र नहीं था-
(a) नोह (b) गिलुण्ड
(c) बागोर (d) रंगमहल

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (d) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

85. राजस्थान में कुषाण शक्ति को सम्भवतः नष्ट करने में कौन-सा जनपद सफल रहा था?
(a) मालवा (b) शिवि
(c) यौधेय (d) अर्जुनायन

Kanisht Abhiyanta (Civil) 18.05.2022

Ans. (c) : राजस्थान में कुषाण शक्ति को नष्ट करने में यौधेय जनपद सफल रहा। इसकी जानकारी रुद्रदामन लेख से मिलती है। यौधेयों ने उत्तरी राजस्थान में यौधेय जनपद की स्थापना की। सिक्के पूर्वी पंजाब, उत्तरी राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पाये गये हैं।

86. निम्नलिखित में से सही सुमेलित नहीं है– (पुरातात्विक स्थल-जिला)
(a) कालीबंगा – चुरू (b) आहड़ – उदयपुर
(c) गणेश्वर – सीकर (d) बैराठ – जयपुर

RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (a) : पुरातात्विक स्थल कालीबंगा राजस्थान के हनुमानगढ़ (पूर्व में श्री गंगा नगर) जिले में स्थित है। अन्य पुरातात्विक स्थल और सुमेलित जिला निम्नलिखित है–